तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 31 जुलाई 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 शहर में तालाबों का अस्तित्व खतरे में



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

### वर्ष 2017 में शुरू हुआ था काम, रुक रुक कर होता है निर्माण

# वर्षों बाद भी पूर्ण नहीं हो पाई चुनचुना पुंदाग की सड़क, बारिश में आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- बारिश में फिर से काम बंद
- सीसी सड़क व पुल-पुलिया का काम शेष

नक्सल दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र की श्रेणी में आने वाले बलरामपुर जिले के चुनचुना पुंदाग में शुरू हुआ सड़क निर्माण का कार्य वर्षों बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। आलम यह है कि अभी भी भुताही से पुंदाग के बीच जगह जगह सड़क निर्माण का काम शेष है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जगह जगह कच्ची सड़क बह गई है और आवागमन बाधित हो गया है। इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों का आवागमन मुश्किल हो गया है। मार्ग कटने के बाद क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना तो करना पड़ ही रहा है अभियान पर जाने वाले जवानों की चुनौती भी बढ़ जा रही है।

बता दें कि बलरामपुर जिले के सामरीपाठ अंतर्गत आने वाला दूरस्थ क्षेत्र चुनचुना, पुंदाग नक्सल प्रभावित की श्रेणी में आता है। हालांकि वर्षों तक चले अभियान के बाद इस क्षेत्र में अब नक्सल गतिविधियां फिलहाल बंद हो गई है और किसी प्रकार का कोई मूवमेंट देखने को नहीं मिला है लेकिन अभी भी यह क्षेत्र नक्सल दृष्टि से अति संवेदनशील ही माना जाता है। अरसे तक नक्सल गतिविधियां होने के कारण क्षेत्र में विकास के कार्य भी नहीं हो पाए थे और यहां के कई गांव पहुंचविहीन की श्रेणी में आते थे। यही वजह है कि इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों तक आवागमन की सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। वैसे तो सड़क निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2014 में दी गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद भी पीएमजीएसवाई द्वारा सडक निर्माण का कार्य 2017 में शुरू किया गया था लेकिन वर्ष 2018 नक्सल घटना के कारण निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था। निर्माण बंद होने के बाद जिला मुख्यालय से लगभग 140 किमी की दूरी पर स्थित पुंदाग एक तरह से पहुंचविहीन बना हुआ था। बाद में वर्ष 2022 में एक बार फिर से तत्कालीन कलेक्टर विजय दयाराम के ने सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया और काफी हद तक सड़क का निर्माण पूर्ण भी हो गया लेकिन अधिकारी बलदने व राशि के आभाव में एक बार फिर से काम ठप हो गया था।


बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क को पार करते पुलिस जवान।

**बीच बीच में छूट गया है काम**

चुनचुना-पुंदाग और भुताही के बीच 17.5 किमी सड़क का निर्माण होना है। इस इसमें से भुताही तक पक्की सड़क का काम हो चुका है लेकिन भुताही से पुंदाग के बीच सड़क का काम शेष है। सड़क निर्माण के दौरान आठ से अधिक पुल पुलिया का निर्माण कराया जाना है लेकिन वर्षों बाद भी 4 से अधिक पुल पुलियों का काम शेष बचा हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस मार्ग पर बहने वाला नाला जगह जगह से सड़क को काट रहा है। अधिकारी अधिकतम एक किमी सड़क व पुल पुलिया का ही काम शेष होने कि बात कह रहे है लेकिन अभी भी कई स्थानों पर सड़क कच्ची है। क्षेत्र के घाट वाले इलाके में सीसी सड़क का काम होना है जो अभी अधूरा है। वहीं राशि के आभाव में छह माह तक काम बंद रहा और फिर बारिश का मौसम शुरू हो गया जिससे सड़क का काम प्रभावित हो गया है। यही वजह है कि बारिश में कच्ची सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**बाइक व पैदल सफर**

वर्तमान में भी बारिश के कारण जगह जगह से कच्ची सड़क पानी के तेज बहाव में कट गई है और भुताही से पुंदाग के बीच 8 किमी की सड़क पर आवागमन बाधित हो गया है। कच्ची सड़क के कट जाने के कारण चार पहिया वाहनों का आवागमन तो बंद ही है। क्षेत्र के लोग बाइक या पैदल ही सफर कर रहे है। हाल ही में बलरामपुर पुलिस ने क्षेत्र में भरमार हथियार की बरामदगी के लिए अभियान चलाया और इस अभियान के दौरान पुलिस टीम को भी इन गांवों तक पहुंचे के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पुलिस टीम बाइक से पुंदाग तक पहुंची। बड़ी बात यह है कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अभियान चलाने के लिए पुलिस टीम को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**बारिश के बाद होगा निर्माण**

सड़क के निर्माण का कार्य चल रहा है। बारिश के कारण कम प्रभावित हुआ है। बारिश के बाद दिसम्बर माह तक कम पूर्ण कराया जाएगा।
-राजेन्द्र कटारा, कलेक्टर

**एक किमी का काम शेष**

कुल 17.5 किमी सडक का कार्य होना था। इसमें से अब सिर्फ 1 किमी की सड़क ही शेष रह गई है। इसके साथ ही चार पुलिया का काम होना है। सड़क का काम घाट वाले क्षेत्र में छूटा है। बारिश खत्म होते ही काम शुरू कराया जाएगा।
-जीएस सिदार
ईई, पीएमजीएसवाई


घटनास्थल पर पड़ा मृतक का शव।

## दूसरी शादी से नाराज महिला ने पति को करंट लगाकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बलरामपुर

- बंधे थे हाथ पैर, अर्धनग्न हालत में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

दूसरी शादी से नाराज महिला ने अपने पति को खौफनाक सजा दी है। महिला ने पति को बहाने से घर बुलाया और फिर उसके हाथ-पैर बांधकर उसे करंट लगा दिया। इस दौरान महिला के पति ने तड़प तड़पकर दम तोड़ दिया। इस हत्याकांड के बाद पुलिस भी हैरत में पड़ गई है। इधर घटना के बाद महिला भी पुलिस के पहुंचने के बाद बेहोश हो गई। ऐसे में महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि पुलिस ने महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है और जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम बरदर निवासी 54 वर्षीय मनोज गुप्ता आ. रामगहन गुप्ता खेती किसानी का काम करते है। राम गहन गुप्ता की का विवाह पार्वती गुप्ता से हुआ था और दोनों की दो बेटियां और एक बेटा है। मनोज गुप्ता के बेटियों का विवाह हो चुका है। बड़ी बात यह है की मनोज गुप्ता ने पहली पत्नी के होते हुए भी अपने से कम उम्र की और पेशे से शिक्षक दूसरी महिला से भी शादी कर लिया था। मनोज गुप्ता की दूसरी पत्नी भी किराए के मकान में रहती थी। मनोज गुप्ता ने अपनी पुश्तैनी घर से अलग ग्राम अधौरा में एक मकान बनाकर पत्नी पार्वती और बेटे दे दिया था जबकि वह खुद कभी बरदर तो कभी अधौरा में रहता था। बताया जा रहा है कि दूसरी शादी और दूसरी पत्नी पर अपनी संपत्ति खर्च करने को लेकर विवाद मनोज गुप्ता और पार्वती गुप्ता के बीच आए दिन विवाद होता रहता था।

**चल रही है जांच**

महिला ने पति को करंट लगाकर मारा है। दूसरी शादी करने से महिला नाराज थी और दोनों के बीच विवाद होता रहता था। घटना के समय महिला ने खुद ही पति के हाथ पैर बांधे। महिला के तबीयत खराब होने की शिकायत पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसके खिलाफ अपराध भी दर्ज कर जांच की जा रही है।
-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी

**बहाने से बुलाया गया था घर**

बताया जा रहा है कि 29 अप्रैल को मनोज गुप्ता को पार्वती गुप्ता ने घर की विद्युत सप्लाई बंद होने की बात कहकर अधौरा स्थित घर में बुलाया था। रात के समय घर में पति-पत्नी एक अलावा कोई भी नहीं था ऐसे में उसने विवाद के दौरान अपने पति के हाथ पैर को बांध दिया और उसे हाई वोल्टेज करंट वाले तार सटा कर मार डाला। पुलिस के अनुसार महिला ने इस घटना को खुद ही अंजाम दिया और खुद ही पति के हाथ पैर बांधे। देर रात घटना की सूचना के बाद जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो महिला बेहोश हो गई जिसके बाद महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि मनोज गुप्ता का शव अर्धनग्न अवस्था में बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

**जिपं उपाध्यक्ष को फोन पर दी झगडे की जानकारी**

इस मामले में जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार 30 जुलाई की रात 2.37 बजे पार्वती गुप्ता ने जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव को फोनकर इस बात की जानकारी दी थी कि दोनों के बीच झगड़ा हो रहा है और दोनों में से कोई एक बचेगा। ऐसे में जिपं उपाध्यक्ष ने घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी और स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस की टीम भी देर रात अधौरा स्थित मकान में पहुंची जहां अन्दर से चीखने चिल्लाने की आवाजें आ रही थी। पुलिस ने दरवाजा खुलवाने का काफी प्रयास किया लेकिन अंदर से दरवाजा नहीं खुल रहा था। जब पुलिस ने दरवाजा तोड़ने की बात कही तो महिला ने दरवाजा खोला। इस दौरान जब पुलिस अंदर पहुंची तो मनोज गुप्ता की मौत हो चुकी थी और अर्धनग्न और हाथ पैर बंधे अवस्था में पड़ा था दोनों के अलावा कोई नहीं था। घटना के समय मृतक का पुत्र अपने बरदर के घर में चला गया था।

**खबर संक्षेप**

### बीईओ व प्राचार्य की समीक्षा बैठक आज

**अंबिकापुर।** जिले के शैक्षणिक वातावरण को सशक्त बनाने एवं विद्यालयी व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु 31 जुलाई को प्रातः 11 बजे से बैठक का आयोजित की जाएगी। यह बैठक राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में संपन्न होगी। बैठक में जिले के समस्त बीईओ, एबीईओ, विकासखण्ड स्रोत समन्वयक एवं शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, सेजस विद्यालयों के प्रधानपाठक शामिल होंगे। यह उपस्थिति अनिवार्य रूप से निर्धारित की गई है। बैठक में कक्षा 10वीं व 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम 2025 की समीक्षा, परीक्षा परिणाम सुधार के लिए विद्यालयों द्वारा की गई कार्य योजनाओं की प्रस्तुति, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु, योजना,शिक्षक-विद्यार्थियों की उपस्थिति स्थिति, गणवेश वितरण व शैक्षणिक सामग्री की अद्यतन स्थिति, इंस्पायर अवार्ड हेतु प्रस्तावों का पंजीयन, शिक्षक बैठक एवं पालक शिक्षक बैठक सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी व प्रधानपाठक स्वयं उपस्थित रहें प्रतिनिधि मान्य नहीं होंगे।

### तीन एक्सप्रेस ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त एसी कोच कल से

**बिश्रामपुर।** रेल प्रबंधन द्वारा यात्री सुविधाओं में वृद्धि करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है,इसी क्रम में यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली तीन जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में वातानुकूलित श्रेणी की अतिरिक्त कोचों की सुविधा स्थाई रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।इसके तहत गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 एवं एसी-2 कोच की सुविधा, दुर्ग से 1 अगस्त से तथा अम्बिकापुर से 2 अगस्त से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगी।गाड़ी संख्या 18756/18755 अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 एवं एक एसी-2 कोच की सुविधा, अम्बिकापुर से 2 अगस्त से तथा शहडोल से 2 अगस्त से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगी।गाड़ी संख्या 22867/22868 दुर्ग-निज़ामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा दुर्ग से 1 अगस्त से तथा निज़ामुद्दीन से 2 अगस्त से स्थाई रूप से उपलब्ध रहेगी।इन कोचों की उपलब्धता से उक्त गाड़ियों में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ की सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी।

### ग्राम पंचायत हरगवां में आज लगेगी विशेष शिविर

बलरामपुर। सुशासन तिहार 2025 में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निरीक्षण किए गए ग्रामों में शिविर आयोजित करने निर्देश के परिपालन में कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत हरगवां के पंचायत भवन में 31 जुलाई को प्रातः 11 बजे विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर के लिए कलेक्टर श्री कटारा द्वारा जनपद पंचायत शंकरगढ़ के सीईओ वेद प्रकाश पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस विशेष शिविर में ग्राम पंचायत हरगवां में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी से ग्रामीणजनो को अवगत कराया जाएगा।

## दम्पति को रौंदकर भागने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सड़क पर उत्पात मचाते हुए दम्पति को कुचलकर मारने और शिक्षक को गंभीर रूप से घायल करने वाले ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ट्रक चालक यूपी सोनभद्र के बभनी चपकी निवासी 56 वर्षीय रामविचार आ. राम औतार बॉक्साइट परिवहन कार्य में लगे ट्रक क्रमांक सीजी 30 ई 0253 से यूपी से सामरी की ओर जाते समय 29 जुलाई कि दोपहर 3.50 बजे विजयनगर मेघुली मोड़ के समीप बाइक सवार शिक्षक कपिलदेव सिंह को टक्कर मारा। इस टक्कर में शिक्षक को कंडे, पैर, कमर में गंभीर चोट आई। इस दुर्घटना के बाद चालक ने उत्पात मचाते हुए विजयनगर चौकी अंतर्गत ग्राम महावीरगंज के गम्हरिया धान संग्रहण केंद्र के समीप बाइक सवार दम्पति को टक्कर मार दिया टक्कर में बाइक सवार लल्लू सिंह ट्रक में ही बुरी तरह से फंस गया था लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और एक किमी तक ग्रामीण को घसीटते ले गया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण की पति निशा सिंह की भी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक रामविचार आ. रामऔतार को दो अलग अलग मामलों में बीएनएस की धारा 105 एवं एमवी एक्ट की धारा 184, 185 आयुर बीएनएस की धारा 281, 125-ए व एमवी एक्ट 184,185 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** ग्राम नयनपुर निवासी धनेश्वरी सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 जुलाई को पति व ससुर के साथ रोपा लगाने गई थी। शाम को खेत से वापस घर आने पर सास ने बताया कि दोपहर में गांव के ही कमला प्रसाद घर के सामने उसे टोनही कहकर गाली गलौज कर रहा था। रात होने पर रिपोर्ट करने नहीं गई। शाम 7 बजे पति ललन सिंह फिल्ट प्लांट पचिरा में काम करने चला गया। इसी बीच देर रात 2 बजे ससुर व सास के हल्ला करने पर जब कमरे में गई तो देखी कि पड़ोसी कमला प्रसाद घर के अंदर घुसकर टांगी से ससुर बुधराम के सिर में जानलेवा हमला कर टांगी लेकर भाग गया। ससुर बेहोश हो गए जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ससुर की मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 103(1), 331(6) के तहत एवं टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 की धारा 4, 5 तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी कमला प्रसाद आ. स्व. जगसाय (46 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है।



## खेत में ट्रांसफार्मर से अवैध तार खींचकर लगाया मिर्ची बाड़ी में

- फंसकर ग्रामीण की मौत, आरोपी युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** खेत में लगाए गए झटका तार की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने मिर्ची बाड़ी में तरंगित तार लगाकर करंट प्रवाहित किया गया था। बलरामपुर जिले की कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अतंर्गत ग्राम घुई झरिया निवासी अजय नगेसिया और रामसाय नगेसिया ने पुलिस को सूचना दी थी कि 23 जून को युवकों का चाचा रामदेव नगेसिया रात को 10.30 बजे अपने बैल को लेकर घर जा रहा था। इस दौरान बैल भागते हुए जतरू नगेसिया के मिर्ची बाड़ी में घुसने अलगा। ग्रामीण रामदेव नगेसिया भी अपने बैल को पकड़ने के लिए पीछे पीछे मिर्ची बाड़ी में घुस गया। उक्त मिर्ची बाड़ी में जंगली जानवरों को घुसने से रोकने लिए अवैध रूप से विद्यत तार का जाल बिछाया गया था। इस दौरान रामदेव नगेसिया का पैर बिजली करंट प्रवाहित तार पर पड़ गया और रामदेव की मौत हो गई। इस मामले की शिकायत उपरांत पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही थी। जांच में इस बात की पुष्टि हुई की श्रवण कुमार नगेसिया ने खेत में ट्रांसफार्मर ग्रिप से अवैध तार खींचकर बिजली करंट अपने खेत में लगाया गया था और उसी करंट में फंसकर रामदेव नगेसिया की मौत हुई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी कुसमी घुईझरिया अमरपुर निवासी 19 वर्षीय श्रवण कुमार नगेसिया आ. चतरू नगेसिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी बीएनएस की धारा 105 एवं विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# अनियंत्रित होकर पलटी स्कूली बच्चों से भरी वैन

- 22 बच्चे थे सवार, टला बड़ा हादसा

**वाड्रफनगर।** बुधवार की सुबह स्कूली बच्चों से भरी वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना के समय कार में 22 स्कूली बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। फिलहाल इस मामले में पुलिस के पास किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में संचालित मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल के बच्चों को स्कूल की इको स्पोर्ट कार लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। इस दौरान सुबह वार्ड क्रमांक 6 में बांध के मेढ के समीप बच्चों से भरी तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के समय वाहन में लगभग 22 बच्चे सवार थे। दुर्घटना के बाद बच्चों में चीख पुकार मच गयी। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद चालक वाहन व बच्चों को छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने वाहन से बाहर निकाला। इस घटना में चार बच्चे घायल हुए थे जिन्हें उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां से प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। वहीं अन्य बच्चों को दूसरे वाहन से उनके घर वापस भेजा गया। बड़ी बात यह है कि घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर एक बड़ा तालाब था और यदि वाहन उस गड्ढे में चली जाती तो हादसा भयावह रूप ले सकता था। फिलहाल इस मामले में किसी भी परिजन की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### ग्रामीणों ने रतजगा कर दहशत में गुजारी रात

# हाथियों ने दो गांवों में ढहाए तीन मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र मैनपाट में अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हाथियों से क्षेत्र के ग्रामीण अपनी जान बचाने रतजगा करने मजबूर है। हाथियों के डर से ग्रामीण भारी दहशत के बीच खुले आसमान के नीचे रातें गुजार रहे है। वन अमला पूरी रात प्रभावित क्षेत्रों में घूम रहा है लेकिन हाथियों की तबाही कम नहीं हो रही है।

बीती रात 10 हाथियों के दल ने ब्लॉक मुख्यालय कमलेश्वरपुर के निकट ग्राम पंचायत असकरा के डूमर डुगू पारा में पहुंचे एवं घरों को घेरकर तोड़फोड़ मचाने लगे।



हाथियों का दल तीन घंटे तक गांव-गांव के पारा मोहल्लों में उत्पात मचाता रहा। इस दौरान हाथियों ने असकरा बजरा बारी निवासी ससमन पति सोनसाय एवं मूसाखोल असकरा निवासी काशी सिदार आ.भंवर साय के घर को ढहा दिया एवं घर में घुसकर अनाजों को चट कर गए। इस दौरान रतजगा कर रहे परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर गजराज वाहन लेकर पहुंचे वनकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन की मदद से हाथियों को खदेड़ा। दो हाथियों का दल बीती रात ग्राम उड़मकेला में धावा बोला था लेकिन गांव की गलियों में घूमने के बाद हाथी जंगल की ओर चले गए। तीन दिन पूर्व हाथियों ने ग्राम उड़मकेला में तीन घरों को ढहा दिया था। पर्यटन स्थल मेहता प्वाइंट के पास अकेले घूम रहे दंतैल ने बीती रात ग्राम बरिमा में धावा बोला एवं एक ग्रामीण के घर में तोड़फोड़ कर घर में रखा अनाज खा गया। इसके पूर्व दंतैल लगातार ग्राम कंडराजा जंगल स्थित बांस प्लांटेशन में रात गुजार रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात पहली बार हाथियों का दल ग्राम पंचायत असकरा में धावा बोला। इसके पूर्व हाथी गांव के निकट तक आते थे लेकिन कभी भी बस्ती में नहीं घुसे थे न ही कोई क्षति पहुंचाए थे।

## भाई की हत्या करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पिता का गला दबाने पर किया था भाई पर लकड़ी से जानलेवा हमला

दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पाकजाम निवासी धनीराम कुजूर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 28 जुलाई की रात घर में पत्नी व छोटे बेटा संजय के साथ आग ताप रहे थे। इसी दौरान बड़ा पुत्र नईहर साय गांव की ओर आया और पास बैठ गया। साथ ही छोटे भाई से कहा कि धान रोपाई में ज्यादा खर्च नहीं कर रहे हो और अपने खाने पीने में पैसा खर्च कर रहे हो कहते हुए विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद के दौरान ही नईहर साय ने पिता धनीराम का गला दबाने लगा। जिसे देख छोटे भाई ने पास ही रखे लकड़ी से बड़े भाई के सिर पर प्राणघात हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर पिता की रिपोर्ट पर दरिमा पुलिस ने आरोपी छोटे भाई संजय को आज गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी भरत लाल साहू, सहायक उप निरीक्षक नेतराम पैकरा, आरक्षक अखलेश यादव, आलोक कुजूर, बन्दे केरकेट्टा, नमोश सिंह, रंजीत गुप्ता सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप

### प्रकरणों के निराकरण के लिए कार्यशाला आज

**बैकुण्ठपुर।** जिले में शासन की वित्तीय एवं लेखा प्रक्रियाओं को अधिक सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में 31 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिला कोषालय अधिकारी पीएस परिहार ने बताया कि यह कार्यशाला जीएसटी, टीडीएस की नियमानुसार कटौती, लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निपटारे तथा ईडब्ल्यूआर, ईआरएम से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित की जा रही है। कार्यालय राज्य कर सहायक आयुक्त (जीएसटी), कोरिया वृत्त मनेन्द्रगढ़ द्वारा पत्र जारी कर सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जीएसटी, टीडीएस की व्यवस्था और रिटर्न फाइलिंग के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

### संयुक्त कलेक्टर कार्यालय स्थान चयन पर उठे सवाल

**मनेन्द्रगढ़।** सरगुजा विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने संयुक्त कलेक्टर कार्यालय के निर्माण के लिए चयनित स्थल पर गंभीर आपत्ति जताते हुए राज्य शासन को वैकल्पिक स्थल पर निर्माण करने की अनुशंसा की है। उन्होंने राजस्व विभाग के सचिव को पत्र लिखते हुए कहा कि वर्तमान में जिस स्थल पर कार्यालय निर्माण की योजना है, वह कई दृष्टिकोणों से अनुपयुक्त है। श्री कमरो ने बताया कि चिन्हांकित स्थल के समीप ही 132 केवी का विद्युत सब-स्टेशन है, जहां पूर्व में आग लगने की दुर्घटना हो चुकी है। वहीं सामने उप-जेल तथा आगे की ओर हसदेव नदी की संकरी पुलिया भी इस क्षेत्र को असुरक्षित एवं अव्यवस्थित बनाती है।



### क्रिकेट खिलाड़ियों की पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** छग क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ कोरिया के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों का पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) प्रारंभ कर दिया गया है। यह पंजीयन 25 जुलाई से 2 अगस्त तक रैना स्पोर्ट्स एवं स्पोर्ट्स पॉइंट, मनेन्द्रगढ़ में किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6:30 बजे तक संचालित की जाएगी।

खेतों में बिछी हरियाली की चादर | रोपाई कार्य को अंतिम रूप देने में लगे हैं अन्नदाता

# कोरिया में 80 प्रतिशत रोपाई, खेतों में हरियाली की बहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले में इस समय धान की रोपाई अपने चरम पर है। गांवों की गलियों में अब सामान्य चहल-पहल की जगह खेतों में किसानों की मेहनत और हलचलों की गूंज सुनाई दे रही है। सुबह से शाम तक अन्नदाता अपनी धान की फसल को सींचने में जुटे हैं।

बैकुंठपुर, सोनहत विकासखंड के गांवों के खेतों में हरियाली की चादर बिछ गई है, जो मेहनत और उम्मीद का जीवंत प्रतीक बन गई है। धान की लहलहाती फसलों के साथ किसानों के चेहरों पर भी संतोष की मुस्कान नजर आ रही है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में इस वर्ष लगभग 32 हजार हेक्टेयर में धान, 7,500 हेक्टेयर में दलहन और 1,500 हेक्टेयर में तिलहन की फसलें लगाई गई हैं। हालांकि आषाढ़ माह में बारिश की थोड़ी कमी के कारण रोपाई में प्रारंभिक देरी हुई, फिर भी अब तक 80 प्रतिशत रोपाई कार्य



पूर्ण हो चुके हैं, इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले महीनों में फसल उत्पादन सामान्य से बेहतर रहेगा। खाद आपूर्ति की स्थिति पर नजर डालें तो 9860 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 8545 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। कृषि ऋण के रूप में 14,986 किसानों को लगभग 39 करोड़ रूपए की राशि वितरित की गई है।

### अब किसान पहचानेंगे फार्मर आईडी से-

तकनीकी युग में कदम रखते हुए कृषि क्षेत्र में भी डिजिटल क्रांति लाई गई है। एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने के लिए फार्मर आईडी (किसान कार्ड) बनाए जा रहे हैं। अब किसानों को अपनी पहचान बताने के लिए किसी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस पहल के अंतर्गत किसानों की कृषि भूमि को आधार से लिंक किया जाएगा, जिससे उन्हें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं का पारदर्शी लाभ मिल सकेगा।

### तो छूट सकते हैं योजनाओं से-

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी संबंधित विभागों राजस्व, कृषि, सहकारिता, सहकारी समितियों एवं लोक सेवा केन्द्रों को निर्देशित किया है कि एग्रीस्टेक के तहत शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित कराएं। किसान एग्रीस्टेक पोर्टल पर स्वयं या निकटतम लोक सेवा केन्द्र में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए कृषि भूमि का बी-1 दस्तावेज, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर (जिस पर ओटीपी प्राप्त हो सके)।

संरक्षण की जरुरत, खराब हालत को लेकर लोग जता रहे चिंता

# शहर में तालाबों का अस्तित्व खतरे में




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

तालाबों के अस्तित्व को बचाने के लिए सरकारी योजनाएं तो बनी हुई है, लेकिन योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल में कम ही दिखाई देती है।

नई तालाब बनाने में ध्यान तो दिया जाता है, लेकिन पुराने तालाबों का संरक्षण करने की दिशा में ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। यही कारण है कि जिले के कई जगहों पर तालाबों की स्थिति दयनीय हो गई है। संरक्षण की योजना बनी होने के बावजूद पुराने तालाबों का संरक्षण नहीं हो पा रहा है, इसे लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। जिले के दुरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों की बात छोड़ दी जाए तो कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही मीटर की दूरी पर खरवत चौक के पास स्थित एक पुराने तालाब की स्थिति को देखकर समझा जा सकता है कि तालाबों के संरक्षण को लेकर बनी योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमट गया है।

खरवत चौक के पास स्थित प्राचीन तालाब में इन दिनों पानी भरा दिखाई नहीं देगा, बल्कि तालाब इस तरह से दिखाई देगा जैसे तालाब में हरी चादर बिछा दी गई हो। दरअसल खरवत चौक के निकट स्थित तालाब के पूरे भाग में जलीय पौधे पूरी तरह से फैल गया है, इसके चलते तालाब में जल भराव दिखाई नहीं देता, बल्कि जलीय पौधे से ढंका हुआ दिखाई देता है। इसी तालाब में एक वर्ष पूर्व मनरेगा के तहत गहरीकरण किया गया था, इसके बाद फिर तालाब में जलीय पौधे पनपते गए और इस वर्ष पूरे तालाब को जलीय पौधे ढंक दिया है। इस तरह की हालत सिर्फ खरवत चौक के पास स्थित तालाब की नहीं बल्कि जिले के कई जगहों पर स्थित प्राचीन तालाब की स्थिति है।

### मछली सहित जलीय जीव को खतरा

खरवत चौक के पास स्थित तालाब पूरी तरह से जलीय पौधे से ढंका हुआ है। अभी बरसात में जमकर बारिश के बावजूद उक्त तालाब में पानी नहीं दिखाई देता, क्योंकि पूरे तालाब में जलीय पौधा अपना घेरा बना दिया है, इसके चलते सूर्य का प्रकाश भी तालाब के पानी के भीतर नहीं पहुंचा पाता, इसके चलते प्रकाश संश्लेषण की कमी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, इससे तालाब में पल रही मछली सहित अन्य जीव-जंतुओं के जीवन के लिए संकट की स्थिति बन जाती है।

### सुंदरता भी हो रही प्रभावित

खरवत चौक के पास स्थित प्राचीन तालाब में इन दिनों जलीय पौधा ढंका दिखाई दे रहा है। यह तालाब के प्राकृतिक सुंदरता को तो प्रभावित कर ही रहा है, वहीं तालाब के पारिस्थितिक तंत्र को भी प्रभावित कर रहा है। ऐसे में उक्त स्थान के तालाब में पूरी तरह फैले जलीय पौधों को साफ करने की जरूरत है, ताकि तालाब की प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे और तालाब का पारिस्थितिक तंत्र भी सुरक्षित रहे।

# शिक्षक के घर हुई चोरी का अब तक खुलासा नहीं

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली क्षेत्र में शहर क्षेत्र से लगे ग्राम तलवापारा में शिक्षक के घर हुई लाखों की चोरी का सुराग डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई। इसी तरह कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में आधा दर्जन अधिकारियों के सूने आवास में हुई चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों तक भी पुलिस अब तक नहीं पहुंच पाई।

■ सूने मकान में लाखों रुपए की हुई थी चोरी

घटना के दौरान पुलिस दावा कर रही थी कि जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद अब तक पुलिस के हाथ खाली है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के रामानुज आदर्श विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता यादवेन्द्र मिश्र (बंटी महाराज) के निवास तलवापारा लोक परलोक ढाबा के पीछे बीते 11 जून को जब पूरा परिवार ग्राम गोरसी थाना जैतहरी जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश गया हुआ था और उसी दिन रात्रि में आया तो परिवार के सदस्यों ने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर प्रवेश किए तो शयन कक्ष का भी ताला टुटा हुआ था। अज्ञात चोरो के द्वारा करीब 5 लाख के सोने-चांदी के आभूषण के साथ 85 हजार रूपए नगद चोरी कर ले भागने में सफल रहे। दूसरे दिन घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई। घटना के डेढ़ माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो पाई। तमाम सुविधाओं के बावजूद पुलिस इस बडे मामले का खुलासा नहीं कर पाया है। इस पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाली खडे हो रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है।

### सूने मकान के चोरी का भी खुलासा नहीं

छिन्दडॉड क्षेत्र में स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बीते दिनों एक ही रात में आधा दर्जन अधिकारियों के सूने मकान में अज्ञात आरोपियों के द्वारा एक एक कर कई घरों का ताला तोड़कर चोरी कर भागने में सफल रहे। एक ही रात में बड़ी चोरी की घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज होने के एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है।

## अपनी मांगों को लेकर रसोइया संघ ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ के बैनर तले जिले के विभिन्न विद्यालयों के रसोईयों द्वारा बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अपनी मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय में देकर ज्ञापन सौंपा।

मिली जानकारी के अनुसार रसोईया संघ के आह्वान पर जिले के विद्यालयों में कार्यरत रसोईयों 30 जुलाई को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किए, इसके बाद अपरान्ह में धरना स्थल से रैली निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्ग होते कलेक्टर कार्यालय जाने के लिए निकली, लेकिन ओड़गी नाका पर ही उन्हें बेरिकेट्स लगाकर रोक दिया गया। वहीं पर रसोईया संघ के पदाधिकारियों के द्वारा एसडीएम को मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया।



वाहनों की लंबी कतार।

### सड़क पर लगा जाम

रसोईया संघ के बैनर तले रसोईयों के द्वारा धरना प्रदर्शन करने के पश्चात जब रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने कलेक्टर कार्यालय जाने के लिए निकले तो ओड़गी नाका पर उन्हें रोक दिया गया, जहां पर ज्ञापन सौंपने के दौरान बेरीकेट्स के दोनों ओर वाहनों की कतार लगने लगी, इसके थोड़ी देरी बाद आवागमन बहाल हो सका।

## छिंदिया को मिले 1.31 करोड़ रुपए के विकास कार्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले के पटना तहसील के ग्राम छिंदिया में बुधवार को एक दिवसीय सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 8 मई 2025 के आकस्मिक दौरे के दौरान की गई घोषणाओं पर अमल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

■ मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े और कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के समन्वित प्रयासों से ग्राम छिंदिया में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन, 980 मीटर सीसी सड़क, आरसीसी पुलिया और सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए जिला खनिज न्यास से 1 करोड़ 31 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक श्री राजवाड़े ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि स्वीकृत सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की जरूरत और मांगों को तवज्जो देना ही असली सुशासन है।

### खुले बाक्स की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**बैकुंठपुर।** विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण बुधवार को शहर क्षेत्र में एक गौवंश की मौत करंट लगने से हो गई। इस घटना के बाद विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही के कारण कोई इंसान भी इसकी चपेट में आ सकता था। मिली जानकारी के अनुसार शहर के महलपारा मुख्य मार्ग किनारे विद्युत विभाग द्वारा मीटर का डब्बा लगाया गया है, जिसका ढक्कन खुला है और बिजली के तार बाहर झुल रहे हैं। इसी स्थल पर बुधवार को एक गौवंश विचरण करते हुए पहुंचा और विद्युत मीटर के डब्बे के पास पहुंच और झुल रहे करंट के चपेट में आ गई, इससे मौके पर ही गौवंश ने दम तोड़ दिया। सूचना पर गौरक्षा वाहिनी के पदाधिकारी पहुंचे और मृत गौवंश को उठवाकर अंतिम संस्कार कराया। जानकारी के अनुसार बिजली मीटर के खुले बाक्स से झुलते विद्युत तार से किसी संभावित दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा विद्युत विभाग को इसकी सूचना पहले कई बार दी जा चुकी थी।

### अब तक 650.2 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 2.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 826.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मिरहुल आ. जंगसाय आयु लगभग 66 वर्ष जाति पनिका निवासी ग्राम हर्राटिकरा थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम हर्राटिकरा तहसील अम्बिकापुर प.ह.नं.-24 स्थित शासन से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 6/38 रकबा 0.325 हे. में से रकबा 0-108 हे. को रूपये-15,00,000/- में अनावेदक संजय दास आ. मनोहर दास जाति पनिका निवासी ग्राम मेण्डाकला थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के पास बिक्री करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 13.08.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः-22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

### छात्रावास में सात साल के बच्चे पर घातक हमला

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय आदिवासी बालक आश्रम खोंगापानी में रह रहे एक मासूम छात्र के साथ हुई बर्बर पिटाई की घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। बालक के पिता अमित प्रजापति ने जिला प्रशासन और पुलिस को सौंपी शिकायत में इस घटना के पीछे छात्रावास की भारी लापरवाही और अधीक्षक अशोक रौतिया की भूमिका को जिम्मेदार ठहराया है। पिता अमित प्रजापति के अनुसार 27 जुलाई को अनुज ने घर आकर बताया कि छात्रावास के ही तीन बड़े छात्र ने एक कमरे में बंद कर उसके साथ जानवरों जैसी मारपीट की। डंडे से बेरहमी से पीटा गया, सिर जमीन में पटका गया, गुप्तांग के पास पिन चुभोई गई। यह सब उस समय हुआ जब छात्रावास अधीक्षक और कर्मचारी आंखें मंदे बैठे थे।

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली) • अपेण्डिक्स • हार्निया • पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 3 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 03 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 27 जुलाई 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. नीरज प्रसाद
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी
मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश अग्रवाल
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ. भाविक शाह
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000 | 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ. आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो) पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ. विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

खबर संक्षेप



## राष्ट्रीय सब-जूनियर कॉर्फबॉल चैंपियनशिप छग की टीम बनी उपविजेता

**अंबिकापुर।** चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपना परचम लहराया है। छग की टीम ने प्रतियोगिता में उप विजेता का खिताब हासिल किया है। बता दें कि तमिलनाडु के चेन्नई में 21 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 24 से 27 जुलाई तक किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने भी हिस्सा लिया। छग की टीम में सरगुजा की ओर से चयनित खिलाड़ियों सब-जूनियर टीम में रुद्राक्षी जैन, संजना मिंज, रीत्विक राज गुप्ता, आयुष बारी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ और हरियाणा के बीच खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ टीम उपविजेता रही। विजेता खिलाड़ियों को एमआईसी मेंबर प्रियंका गुप्ता, विकास गुप्ता, गौरव सिंह, सौरभ सिंह, केपी सिंह, निशांत सिंह, रजत सिंह खुशबू गुप्ता व सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ परिवार ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## कलेक्टर और एसएसपी ने ली कानून व्यवस्था को लेकर बैठक



**सूरजपुर।** जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आज सभाकक्ष में कलेक्टर एस जयवर्धन एवं एसएसपी प्रशांत ठाकुर की अध्यक्षता में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर एस जयवर्धन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतें तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति की आशंका होने पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, भीड़ नियंत्रण और मार्गों पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने कहा कि शांति और सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में सक्रिय निगरानी रखें और किसी भी संभावित विवाद या कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें। सड़क सुरक्षा पर भी चर्चा करते हुए अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी प्रकार के आंदोलन या प्रदर्शन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर, एसडीओपी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बस्तामुक्त विद्यालय में अग्रवाल महिला मंडल की सदस्यों ने बच्चों को किया छाता वितरण




**बिश्रामपुर/रामनगर।** बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में अग्रवाल महिला मंडल सूरजपुर की अध्यक्ष आशा अग्रवाल एवं सचिव प्रिया अग्रवाल के नेतृत्व में समिति सदस्यों द्वारा विद्यालय में अध्यनरत 73 छात्र-छात्राओं को छाता वितरित किया गया।संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि इस समय जिले में तेज बारिश होने के कारण बच्चों को विद्यालय आने में काफी परेशानी हो रही है।बच्चों के पास छाता न होने से वे विद्यालय नहीं आते रहे थे या फिर भीग कर आना उनकी मजबूरी बन रही थी,ऐसे में बच्चे बीमार भी पड़ रहे थे।इन सब परेशानियों को देखकर संस्था प्रमुख द्वारा अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्षा से सभी बच्चों के लिए छाता की मांग रखी गई, जिस पर संस्था द्वारा विद्यार्थियों को शीघ्र व्यवस्था कर छाता वितरण किया गया।इस दौरान समिति की आशा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, काजल अग्रवाल, शेफाली अग्रवाल तथा अनंत अग्रवाल के अलावा शिक्षक रिजवान अंसारी, एम. टोप्पो, पूनम गुप्ता, संस्था की प्रधानमंत्री निशु राजवाड़े, रूपा सिंह, टिकेश्वरी राजवाड़े, घरभरन राजवाड़े व अन्य उपस्थित थे। यहां पर अग्रवाल महिला मंडल की सदस्यों द्वारा स्कूली बच्चों से पहाड़ा,कविता व गीत सुना गया,साथ ही सामान्य ज्ञान के प्रश्नों का सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को कॉपी-पेन, पेंसिल, कटर, स्लेट, स्केच पेन देकर प्रोत्साहित किया गया।

### विद्यार्थी सहित राहगीरों को हो रही परेशानी

# एनएच 43 पर पानी जमाव से बढ़ी दुर्घटना की आशंका, पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

एनएच 43 बतौली शांतिपारा मुख्य मार्ग पर पानी का जमाव होने से वाहन चालक समेत राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। आलम यह है कि बारिश होते ही पानी नाली के बजाए सड़क पर ही एकत्र हो जाती है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि पानी निकासी के लिए सड़क किनारे नाली का निर्माण नहीं किया गया है परंतु नाली में कचरा से अटे होने के कारण पानी सड़क पर ही जमा हो जाती है।

**खास बात**

- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

अंबिकापुर से पत्थलगांव तक करोड़ों की लागत से एनएच 43 पर सड़क सहित नाली का निर्माण किया गया है। शांति पारा एनएच 43 के किनारे बनी नालियों के जाम होने से बारिश होते ही पानी सड़क पर ही एकत्र हो जाती है जबकि बड़ी संख्या में भारी वाहन समेत चार व दोपहिया वाहन आवागमन करती है। सड़क पर पानी होने से बाइक, स्कूटी सवार के गिरने तथा दुर्घटना ग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। पानी का जमाव से मुख्य सड़क तालाब में तब्दील हो रहा है जहाँ तेज रफ्तार वाहन खासकर हाइवा, ट्रक के चलने से सड़क पर जमा पानी के छिटकने से स्कूल आने जाने वाले बच्चों के ड्रेस गंदे हो जाते है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग 43 बतौली क्षेत्र में सड़क किनारे निर्माण सामग्री का ढेर होने के कारण राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। एनएच 43 सड़क के बनने के बाद नाली की आज तक साफ-सफाई नहीं की गई। ऐसे में नाली में घास उग आने तथा कचरा से नालिया जाम हो गए है। ऐसे में नाली से पानी का निकासी नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर ही एकत्र हो जाती है जिससे लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

अम्बिकापुर से सीतापुर तक के सड़क किनारे स्थित नाली भरे कचरा व मलवा आसानी से देखे जा सकते है। करोड़ो सड़क तो बन गई है लेकिन एनएच विभाग द्वारा साइड शोल्डर की सफाई नहीं होने से नाली बंद पड़े है। जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



बारिश के दौरान एनएच पर जमा पानी।

### हो चुकी है कई मौत

एनएच में पिछले कुछ दिनों के भीतर ही कई सड़क दुर्घटना हो चुकी है और आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। ऐसे में एनएच पर तेज रफ्तार वाहनों के आवागमन करने तथा सड़क पर पानी जमा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की कई तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### बड़ी संख्या में लोगों का होता है आना जाना

एनएच 43 शांतिपारा में एनएच किनारे कई स्कूल है जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी पैदल ही आना जाना करते है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व तहसील कार्यालय होने से हर रोज बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में बारिश हुई तो सड़क पर जमा पानी होने से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### एनएच अधिकारी को करेंगे निर्देशित

एनएच सड़क पर पानी जमा होने है तथा पानी निकासी नहीं हो रहे है पर इस संबंध में एनएच अधिकारियों को जांच करने के लिए कहा जाएगा।

-नीरज कौशिक
एसडीएम सीतापुर

## सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कारोबारी के घर व ऑफिस में किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सेन्ट्रल जीएसटी के करीब दो दर्जन अधिकारी कर्मचारी की टीम,सोमवार को गुरुद्वारा गली निवासी विजय गोयल कालू के निवास व ऑफिस में एक साथ सर्वे के लिए पहुंची जिसमें दो महिला अधिकारी भी शामिल थे। सोमवार करीब 4 बजे शुरू किया गया सर्वे रात करीब साढ़े 12 बारह बजे तक चला जिसके बाद संदिग्ध दिख रही कई फाइलों को जीएसटी टीम जांच मिलान के लिए अपने साथ मुख्यालय ले गई है। गौरतलब है कि मेन मार्केट में विजय गोयल का गोयल ट्रेडर्स नामक कार्यालय है जिसमें भी जीएसटी टीम के अधिकारी देर रात तक दस्तावेज खंगालते रहे, प्राप्त जानकारी अनुसार टीम के सदस्यों ने अपने साथ फोटो कॉपी प्रिंटिंग मशीन भी रखी हुई थी, सर्वे पश्चात जीएसटी फाईलिंग में कितना अंतर टीम द्वारा निकाला गया है इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

- देर रात तक चले सर्वे पश्चात कई फाइलों को जांच मिलान के लिए अपने साथ ले गये अधिकारी

## महिला कांग्रेस ने उत्साह के साथ मनाया सावन उत्सव, नुजहत फातिमा बनी सावन सुंदरीं

**अम्बिकापुर।** महिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सावन उत्सव उत्साह से मनाया। पूर्व पार्षद नुजहत फातिमा नीलू सावन सुंदरी बनीं। महिलाओं के बीच विभिन्न खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन की संयोजक महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा सोनी थीं। कार्यक्रम वाटर पार्क में आयोजित किया गया जहां महिलाओं के बीच सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़, नृत्य, गायन और कविता की प्रतियोगिता रखी गई। कुर्सी दौड़ में प्रतिमा सोनी, उर्मिला कुशवाहा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में नुजहत फातिमा प्रथम स्थान पर रहीं। नृत्य में मंजू मुखर्जी, सपना सिन्हा, प्रीति सिंह सहित अन्य महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सावन महोत्सव में महिलाओं के लिए ड्रेस कोड निर्धारित था। बेहतर ड्रेस कोडिंग और साज-सज्जा के लिए प्रीति सिंह और उर्मिला कुशवाहा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद गीता प्रजापति, शमा परवीन, सन्ध्या रवानी,सावित्री सारथी,गीता रजक,शालिनी नन्द, अनुराधा दास, रजनी महंत, चित्रा मिश्रा, रश्मि सोनी, किरण सोनी, हीरो बड़ा पूनम सोनी, रेहाना, संजू साहू, विभा दुबे, रीता प्रजापति, ममता सिंह, शकीला सिद्दीकी, अंजू,संगीता मिंज, साधना कश्यप, मोमिना खातून, अनीता सिन्हा ने भाग लिया।



## नशे से दूरी जरूरी अभियान के तहत पुलिस व छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




**सूरजपुर।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत पुलिस व छात्रों द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली। जिलेभर के थाना-चौकी क्षेत्र में आयोजित नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली में 30 हजार से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले भर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके बैनर तले सभी वर्ग के लोगों एवं छात्रों को नशे की बुराई से अवगत कराते हुए नशा से दूर रहने और नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु लगातार जन जागरूकता के आयोजनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार जिले के सभी थाना-चौकी की पुलिस द्वारा स्कूली छात्रों के संग नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली निकाली गई जिसमें 30 हजार से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया और हाथ में तख्ती लेकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस के इस कार्यक्रम की शुरुआत नशा-मुक्ति शपथ के साथ हुई जिसमे सभी ने मिलकर एक स्वर में न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा-मुक्त कराने की शपथ ली। नशा मुक्ति के निकाले गए जन जागरूकता रैली में छात्रों की बड़ी संख्या में भागीदारी एवं नशा से दूर रहने छात्रों की हुंकार जिलेभर में गुंज उठी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि जिलेभर की पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता रैली छात्रों के साथ मिलकर निकाली गई जिसका उद्देश्य लोगों को नशा न करने, नशे से दूरी बनाने और नशे की लत में फंसे व्यक्ति को सही मार्गदर्शन और उपचार कराने हेतु प्रोत्साहित करने निकाली गई। उन्होंने कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने में सभी का सहयोग जरूरी है। अपने आसपास व समाज में किसी भी प्रकार की नशीली पदार्थ बेचने की शिकायत हो तो पुलिस कन्ट्रोल रूम में सूचना दे सकते है।

### नशा मुक्ति को लेकर सिलफिली विद्यालय में किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**मदनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली थाना जयनगर के तत्वाधान में विद्यालय में नशा मुक्ति, यातायात सुरक्षा, साइबर अपराध हेतु जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। थाना जयनगर के संजय सिंह राजपूत, मनोज द्विवेदी द्वारा नशा मुक्ति, यातायात सुरक्षा, साइबर अपराध पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही बचने के उपाय के साथ समाज में जागरूकता फैलाने के लिए आगे आने को प्रोत्साहित किया गया। जागरूकता फैलाने हेतु पुलिस व विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान प्राचार्य आईडी खलखो, श्रीमती विनीता यादव, शैलेश कुमार सोनी, राकेश पटवा, सत्यम, संदीप केरकेट्टा, श्रीमती रंजीता मजूमदार, कुमारी आकांक्षा गुप्ता, प्रमोद कुमार गौर व अन्य शिक्षक सहित थाना के कर्मचारी उपस्थित रहें।



### छात्रों ने ली नशा से दूर रहने की शपथ, रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

**रामानुजनगर।** नशे के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए रामानुजनगर पुलिस द्वारा आत्मानंद स्कूल में एक प्रभावशाली नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के विकास में भी गंभीर समस्या है। अभियान में आत्मानंद स्कूल के छात्रों ने छोटी-छोटी जागरूकता टोलियां बनाकर क्षेत्र में लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही छात्रों ने घर-घर जाकर, नुक्कड़ों पर एवं अपने आसपास के लोगों को जागरूक किया और उनसे नशा न करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को एक सामूहिक शपथ दिलाई गई जिसमें उन्होंने जीवनभर नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने का संकल्प लिया।



## मंत्री राजवाड़े ने ओंकारेश्वर, महेश्वर और महाकाल के दर्शन कर छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मध्यप्रदेश के दो दिवसीय प्रवास में रहीं। प्रवास के प्रथम दिन श्रीमती राजवाड़े ने खंडवा जिले में नर्मदा तट स्थित देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर महादेव के मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की।

- रानी अहिल्याबाई होलकर राजबाड़ा और अहिल्या महल का किया भ्रमण

उन्होंने प्रदेश की जनता के कल्याण, सुख-समृद्धि और सामाजिक सौहार्द की कामना करते हुए नर्मदा पूजन किया। इसके पश्चात जिला-खरगौन के प्रसिद्ध महेश्वर मंदिर पहुंचीं, जो देवी अहिल्याबाई होल्कर की धार्मिक आस्था और वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। यहां उन्होंने महेश्वर घाट और मंदिर परिसर का भी दर्शन किया। प्रवास के दूसरे दिन मंत्री श्रीमती राजवाड़े उज्जैन पहुंचीं जहां महाकालेश्वर मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल हुई। उन्होंने शिव आराधना कर छत्तीसगढ़ की जनता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उज्जैन में कालभैरव मंदिर के दर्शन कर उन्होंने छत्तीसगढ़ की सुरक्षा और समृद्धि की प्रार्थना की। धार्मिक स्थलों के दर्शन के बाद मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इंदौर के ऐतिहासिक देवी अहिल्याबाई होल्कर महल राजबाड़ा का भ्रमण किया। उन्होंने मराठा कालीन स्थापत्य कला, अहिल्याबाई की जीवन गाथा एवं प्रशासनिक कुशलता से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई जैसी महिलाओं से प्रेरणा लेकर आज की महिलाएं भी समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इस धरोहर को महिलाओं की सामाजिक-राजनीतिक सशक्तिकरण की ऐतिहासिक मिसाल बताया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इंदौर प्रवास के दौरान दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास, हुनर और जिजीविषा की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।





## रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन ने किया फुटबॉल किट का वितरण

**राजपुर।** रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने फुटबॉल टीम के 11-11 खिलाड़ियों को खेलकूद मॉर्निंग वॉक के लिए फुटबॉल कप ड्रेस किट वितरण किया। रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संस्थापक शोभा यादव ने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रत्येक व्यक्ति को समय निकालकर खेलकूद में भाग लेना चाहिए। साथ ही खिलाड़ियों में अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का भाव जगाता है। यही प्रतिस्पर्धा का भाव इंसान को भविष्य में स्वर्णिम ऊंचाई तक ले जाता है। खेल अनुशासन मानव जीवन को निखरता है। खेल से शरीर में रक्त संचार भी सुचारू रूप से होते रहता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को समय निकालकर खेलकूद में भाग लेना चाहिए। रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ एक ऐसी संस्था है जो समाज के कल्याण के लिए काम करता है।



## आरपीएफ ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में मानव तस्करी के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान

**बिश्रामपुर।** रेलवे स्टेशन अंबिकापुर में बुधवार को आरपीएफ चेक पोस्ट अंबिकापुर प्रभारी निरीक्षक सुनीता मिंज के मार्गदर्शन में मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया।गौरतलब है कि रेलवे सुरक्षा बल चेक पोस्ट अंबिकापुर के उप निरीक्षक पीसी शर्मा व चाइल्डलाइन बचपन बचाओ आंदोलन के कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार और एनजीओ सदस्यों के संयुक्त तत्वावधान में मानव तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।यह अभियान आज बुधवार को शाम सवा पांच बजे से शुरू होकर आधा घंटा तक चला।अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन मास्टर दुर्गा प्रसाद, मुख्य स्टेशन प्रबंधक, सीटीआई और रेलवे स्टाफ की मौजूदगी में यात्रियों और बच्चों को पंपलेट वितरित कर स्टेशन परिसर में डेस्क लगाकर मानव तस्करी से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई।मौजूद लोगों को बताया गया कि किस प्रकार मानव तस्करी एक अदृश्य अपराध है,जो अक्सर बच्चों और महिलाओं को निशाना बनाता है,इसमें संदेह होने पर किस तरह तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है,कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थल पर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है,साथ ही यात्रियों को सतर्क करना कि यदि कोई बच्चा डरा-सहमा या संदिग्ध स्थिति में दिखे तो तत्काल आरपीएफ या चाइल्डलाइन को सूचित करें। आरपीएफ निरीक्षक सुनीता मिंज ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर मानव तस्करी की संभावनाएं अधिक होती हैं,क्योंकि तस्कर अक्सर ट्रेन का उपयोग करते हैं।हमारा प्रयास है कि हर यात्री, हर नागरिक सतर्क हो और जरूरतमंद बच्चों की पहचान कर उनकी सहायता करें, इस अवसर पर मौजूद बच्चों को पंपलेट भी वितरित किए गए।

- यात्रियों और बच्चों को अलर्ट रहने बाँटे गये पम्पलेट्स



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ — डॉ. मनीष चौरसिया, M.S. (General Surgery) M.Ch. (Neuro Surgery)
मानसिक रोग के लक्षण — डॉ. गौरी शंकर सिंह, MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ — डॉ.बी.बी.कुमार, MBBS, MD (Medicine) FIPM, Fellowship in Rheumatology
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ — डॉ.आकाश गर्ग, MBBS,DNB (MEDICINE)
किडनी रोग विशेषज्ञ — डॉ.विनय कुमार, MBBS, MD (General Medicine) DM (Nephrology)
Blood
Spare only 15 minutes and save one life
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन — डॉ.आशु जैन, MS, MCH, FHU, Neuro Surgery
मनोरोग,नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट — डॉ.निशांत कुमार साहू, एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग)
03 अगस्त 2025, माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### शासकीय महाविद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में शासन के निर्देशानुसार नए शैक्षणिक सत्र के लिए नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ का कार्यक्रम किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष रितेश जायसवाल थे,अन्य अतिथियों में पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव,प्रशांत अग्रवाल उपस्थित थे।संस्था के प्राचार्य डीपी कोरी ने स्वागत भाषण तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल अवधारणाओं को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया,साथ ही नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पठन-पाठन होने की बात कही गई,उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि रोजगार मूलक क्युरीकुलम से रोजगार का सृजन होगा,राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सिद्धांत को श्रीमती प्रियंका भगत द्वारा छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया,तकनीकी क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के करिकुलम को विस्तार से शशि शेखर कुमार मास्टर ट्रेनर द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया, पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव ने छात्र-छात्राओं को शिक्षकों के मार्गदर्शन में अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही जिससे विकसित समाज का निर्माण किया जा सके।मुख्य अतिथि रितेश जायसवाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूल अवधारणाओं को बताया,उन्होंने कहा कि नये क्यूरीकुलम कोर्स में भारतीय ज्ञान परंपरा को शामिल किया गया है,इससे भारतीय संस्कृति को जानने को भी मिलेगा।कार्यक्रम का संचालन पूर्व अतिथि व्याख्याता निशांत मिंज व आभार प्रदर्शन मनीषा अंजली तिर्की द्वारा व्यक्त किया गया।इस अवसर पर उमा ज्ञानेश मुद्गल,शैलेश सिंह,मृदुलता शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

### ननों की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**सीतापुर।** मानव तस्करी के आरोप में दो ननों की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेसी सड़क पर उतर आये। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रैली निकाली और पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मानव तस्करी के आरोप में दो ननों की गिरफ्तारी पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि इससे भाजपा की विकृत मानसिकता का पता चलता है। जिस आरोप में दुर्ग रेलवे स्टेशन से दो ननों को गिरफ्तार किया गया है वो पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत है। गिरफ्तार होने वाली दो ननों में एक नर्स और एक फार्मासिस्ट है जो कभी ऐसा काम कर ही नही सकती है। ऐसा करके भाजपा की सरकार ने एक तरह से महिला, आदिवासी एवं अल्पसंख्यकों की बेइज्जती की है।जिसका कांग्रेस विरोध करती है और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए गिरफ्तार ननों की रिहाई की मांग करती है। अगर गिरफ्तार दोनों ननों की रिहाई नही की गई तो कांग्रेस इसके विरोध में उग्र प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर विधानसभा कांग्रेस प्रभारी लालचंद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस विमलेश दत्त तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष तिलक बेहरा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर, अशोक अग्रवाल, बदरुद्दीन इराकी, संदीप गुप्ता, गणेश सोनी, अरुण गुप्ता, पार्षद अंकुर दास, अनमोल लकड़ा, राहुल गुप्ता, दिलेश तिग्गा, इमानवेल एक्का, सुरेश प्रधान, मनसुख राम, सुखदेव भगत, नागेश्वर राम, धनेश्वर यादव, सुनील मिश्रा, संतोष गुप्ता, इमरान खान, गौरीशंकर, अभिषेक सिंह, दीपक मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र यात्रा का हुआ स्वागत, सैनिकों को बांधी राखियां



**अम्बिकापुर।** ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र 2025 अंतर्गत सैनिक सम्मान यात्रा बुधवार को सर्किट हाउस पहुंची। सम्मान यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और भावनात्मक एकता का संदेश देना है। यात्रा के शहर आगमन पर भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने स्वागत किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष फूलेश्वरी सिंह के नेतृत्व में मोर्चा की सदस्यों ने अभियान से जुड़े पूर्व सैनिकों को राखियां बांधी और देश की रक्षा में योगदान के लिए कृतज्ञता प्रकट की। इस दौरान पूर्व सैनिक महासभा और सिपाही संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। अभियान अंतर्गत अब तक वर्ष 2023 में 6,71,000 एवं वर्ष 2024 में 9,00,000 सिपाही रक्षासूत्र भारतीय सेना मुख्यालय में पहुंचाए गए तथा 15 लाख 71 हजार भारतीय सैनिकों को मिट्टी का तिलक कर सम्मानित किया गया है। सैनिकों के शौर्य और ऑपरेशन सिंधु को नमन करते हुए अभियान का लक्ष्य भारत की तीनों सेनाओं और सीमा रक्षकों को 21 लाख सिपाही-रक्षासूत्र समर्पित करना है। यह अभियान तिरंगा, सिपाही और मेरा देश की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरणादायक प्रयास है, जिसमें एनसीसी कैडेट्स, पूर्व सैनिक, सामाजिक संगठन और नागरिक भागीदारी निभा रहे हैं। इस दौरान पूर्व सैनिक महासभा के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह राणा, दीपक कुमार सिंह, वारिज कुमार सिंह, रामनिवास राठौर, रूपेश दुबे, ममता तिवारी, सोनू तिग्गा, शकुंतला पाण्डेय, प्रियंका चौबे, नीलम राजवाड़े, अल्पना मिश्रा, शुभांगी बिहाड़े, सरिता जायसवाल, बबली नेताम, आशा शुक्ला, अर्चना सिंह, अर्चना वर्मा, प्रभा यादव, रीना मिश्रा, अमिता बरेट, अंजलि कर्ष आदि उपस्थित थे।

## शहर के शासकीय पॉलीटेक्निक में सर्वाधिक 174 एडमिशन

# तकनीकी शिक्षा के प्रति लगातार घट रही युवाओं की रूचि, पॉलीटेक्निक संस्थानों की आधी सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवाओं में तकनीकी कौशल बढ़ाने के साथ ही भविष्य के लिए उन्हें तैयार करने के उद्देश्य से शासन द्वारा लगातार नए-नए स्थानों पर तकनीकी शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की जा रही है लेकिन विद्यार्थी इन संस्थाओं में प्रवेश लेने में रूचि नहीं ले रहे हैं। हालत यह है कि पिछले दो सालों से शासकीय पॉलीटेक्निक की सीटें नहीं भर पा रही हैं। कभी युवाओं के अध्ययन का मुख्य केन्द्र रहे इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पूछ-परख बेहद कम हो गई है।

**खास बात**

- रामानुजगंज में 23 एवं बगीचा में 8 फीसदी प्रवेश

एक समय था जब तकनीकी पाठ्यक्रमों का युवाओं में भारी क्रेज था। तब तकनीकी संस्थानों की संख्या कम होने के कारण उच्च अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों का ही प्रवेश होता था। तब डिप्लोमा पाठ्यक्रम में युवाओं की भारी रूचि थी तथा कड़ी मशक्कत के बाद युवाओं का प्रवेश होता था तथा पढ़ाई पूरी होते ही डिप्लोमा धारकों को नौकरी मिल जाती थी। बदली परिस्थितियों में शासन दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं का तकनीकी कौशल बढ़ाने के साथ ही स्वरोजगार अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार दूरस्थ क्षेत्रों में नए-नए तकनीकी संस्थान खोल रही है ताकि विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा लेकर भविष्य के लिए तैयार हो सकें तथा अपने घर के पास ही पढ़ाई कर सकें। हैरानी की बात है कि सुविधाएं बढ़ने के बाद छात्र-छात्राएं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने में रूचि नहीं ले रहे हैं। हालत यह है कि शहर में स्थित संभाग के सबसे बड़े एवं पुराने शासकीय पॉलीटेक्निक की सीटें भी पिछले दो साल से नहीं भर पा रही हैं। प्रवेश की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय पॉलीटेक्निक के टीमों ने बोर्ड परीक्षा 6 महीने पूर्व ही अपने क्षेत्र के हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा पाठ्यक्रमों से रोजगार के अवसरों की जानकारी देकर तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहे थे। जागरूकता चलाने से पिछले साल की तुलना में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है इसके बावजूद प्रवेश की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। स्थिति को देखते हुए पाठ्यक्रम को रोजगार परक एवं व्यावहारिक बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में छात्र-छात्राओं की लगातार घटती संख्या से तकनीकी पाठ्यक्रमों के भविष्य को लेकर अधिकारी भी हताश है। सरगुजा संभाग के छह जिलों में सात शासकीय पॉलीटेक्निक संचालित हैं। सरगुजा सहित अन्य सभी जिलों में एक-एक जबकि जशपुर में दो पॉलीटेक्निक संस्थाएं संचालित की जा रही है। संभाग मुख्यालय स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक में सिविल, इलेक्ट्रिकल्स, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस, माइनिंग संकाय संचालित है। सभी संकायों में कुल 248 सीटें स्वीकृत हैं लेकिन काउंसलिंग में मात्र 174 सीटों पर ही प्रवेश हो सका है। इसी तरह शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर में 180 सीट के विरूद्ध 115 जबकि शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज में 180 सीट के विरूद्ध मात्र 35 प्रवेश हुए हैं। शासकीय पॉलीटेक्निक बैकुण्ठपुर में 90 सीट के विरूद्ध 54 जबकि जशपुर स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक में मात्र 21 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। प्रवेश की सबसे खराब स्थिति शासकीय पॉलीटेक्निक बगीचा की है। पिछले साल यहां एक भी प्रवेश नहीं हुए थे जबकि इस बार 90 सीट के विरूद्ध 8 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। शासकीय पॉलीटेक्निक अम्बिकापुर में 70.16 फीसदी जबकि जशपुर में 21 फीसदी , बगीचा में 8.35 एवं रामानुजगंज में 19.44 फीसदी सीटों पर प्रवेश पूरा हुआ है। संभाग के सभी शासकीय पॉलीटेक्निक में स्वीकृत कुल 908 सीट के विरूद्ध 473 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं जो मात्र 52.1 फीसदी है। कम प्रवेश होने के बावजूद शासन को विद्यार्थियों के अध्यापन के लिए विषयवार अतिथि व्याख्याता सहित अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था करनी होगी।




### कम हो रहे रोजगार

तकनीकी पाठ्यक्रमों के प्रति छात्र-छात्राओं की घटती रूचि के पीछे, लगातार घटते अवसरों को कारण माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि पूर्व में तकनीकी शिक्षा लेने वाले युवकों को शासकीय विभागों के साथ ही बड़े औद्योगिक संस्थानों में रोजगार मिल जाता था। तकनीकी शिक्षा लेने वाले अधिकांश युवा बेरोजगार हैं या फिर निजी संस्थानों में काम कर रहे हैं। मैकेनिकल, माइनिंग एवं इलेक्ट्रिकल के क्षेत्र में रोजगार में भारी कमी आई है जिसका असर इन पाठ्यक्रमों पर पड़ रहा है।

### नए संस्थानों में नहीं है सुविधाएं

शासन द्वारा दो साल पूर्व स्थापित पॉलिटेक्निक संस्थानों में सुविधाओं की भारी कमी है। चिरमिरी एवं बगीचा का शासकीय पॉलीटेक्निक आईटीआई भवन में संचालित किया जा रहा है। जबकि अन्य पॉलीटेक्निक संस्थानों का संचालन आधे-अधूरे भवनों में किया जा रहा है। अधिकांश संस्थानों में न तो वर्कशॉप एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं न ही प्रायोगिक कार्य के लिए कर्मचारी। अधिकारी पॉलीटेक्निक संस्थाओं के शैशव अवस्था में होने के कारण निकट भविष्य में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने की बात कह रहे हैं।

### लगातार चल रहा प्रयास

पिछले साल की तुलना में इस बार प्रवेश की संख्या में वृद्धि हुई है। शासन द्वारा सभी पॉलीटेक्निक संस्थानों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की लगातार पहल की जा रही है।

-आरजे पाण्डेय
शासकीय पॉलीटेक्निक अम्बिकापुर



## पण्डोनगर में एक सप्ताह के भीतर दूसरी सड़क दुर्घटना, गोदाम मोड़ के पास अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पण्डोनगर की जर्जर सड़कों के कारण एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार सड़क दुर्घटना घटित हो गई है। बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे रायपुर से लकड़ी का सामान लोडकर पण्डोनगर एफसीआई गोदाम जा रहा ट्रक मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया।

- ट्रक से कूदकर चालक ने बचाई अपनी जान

ट्रक को रायपुर निवासी भूपेंद्र साहू चला रहा था,जो समय रहते कूद जाने से इस हादसे में बाल-बाल बच गया।घटना एन एच 43 से महज कुछ ही दूरी पर स्थित पण्डोनगर एफसीआई गोदाम के समीप घटी है,इसी स्थान पर कुछ दिन पूर्व एक चावल लोड ट्रक भी पलट गया था, जिससे भारी मात्रा में चावल पानी में भीग जाने से खराब हो गया था।स्थानीय लोग इस मोड़ को अब दुर्घटनाओं का ब्लैक स्पॉट कहने लगे हैं।सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि भारी वाहन जैसे ही मोड़ पर गति कम करते हैं,असंतुलन का खतरा बढ़ जाता है, गड्ढों और असमतल सड़क के कारण यह मार्ग हादसों को निमंत्रण देता नजर आ रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन सड़क के किनारे असंतुलित हुआ और पलट गया, लेकिन समय रहते चालक ने गाड़ी से कूदकर अपने आप को बचा लिया।क्षेत्रवासियों का कहना है कि पण्डोनगर में गोदाम की ओर जाने वाला यह मार्ग वर्षों से मरम्मत के लिए तरस रहा है,जनप्रतिनिधियों द्वारा इसकी मरम्मत व सुधार के लिए लगातार दिए जा रहे ज्ञापन और शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा उक्त मामले में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।




## ग्राम कुंजनगर स्थित पीडीएस भवन जर्जर सीपेज़ से खाद्यान्न को पहुंच रहा नुकसान

**बिश्रामपुर।** ग्राम कुंजनगर स्थित पीडीएस भवन की स्थिति इन दिनों काफ़ी जर्जर हालत में है। यहाँ पर भवन का पक्का निर्माण कार्य करीब 20–25 वर्ष पूर्व हूआ था, रख रखाव व मरम्मत के अभाव में यह भवन आज इतनी बुरी स्थिति में है कि वहां रखा सरकारी अनाज भी सुरक्षित नहीं रह गया है।बारिश के दिनों में भवन की दीवारों और छत से बड़ी मात्रा में पानी की सीपेज हो रही है,जिससे अंदर रखे खाद्यान्न के खराब होने का निश्चित खतरा बना हुआ है।यहाँ पर कई बार खाद्यान्न की बोरियों में नमी पहुंचने की शिकायतें भी आ चुकी हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने इसकी सुध नहीं ली है।बता दें कि इस भवन की सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है,मुख्य द्वार पर लगाया गया चैनल गेट लंबे समय से जर्जर पड़ा है,जिससे रात के समय भवन पूरी तरह असुरक्षित हो जाता है।पूर्व में कई बार शासकीय राशन की चोरी की घटनाएं यहां पर हो चुकी हैं, लेकिन न तो इस चैनल गेट की मरम्मत कराई गई और न ही कोई स्थायी निगरानी व्यवस्था की गई है।कुंजनगर गांव के ग्रामीण इस लचर व्यवस्था से बेहद आक्रोशित हैं।भवन के नवीनीकरण की मांग लंबे अरसे से की जा रही है लेकिन अभी तक केवल कोरे आश्वासन से काम चलाने विवश होना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से मांग की है कि पीडीएस भवन की मरम्मत, सुरक्षा गेट की पुनर्स्थापना और सीसीटीवी कैमरे जैसी निगरानी व्यवस्था शीघ्र यहां कराई जानी चाहिए जिससे कि खाद्यान्न की गुणवत्ता सुरक्षित रखी जा सके।

- स्थानीय ग्रामीण भवन के नवीनीकरण कराने की कर रहे मांग

## साहित्य में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : विश्वविजय



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

निश्चल सरगुजिहा साहित्य समिति द्वारा भारतेंदु भवन में पुस्तक विमोचन छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय तोमर के मुख्य आतिथ्य एवं साहित्यकार ब्रह्मा शंकर सिंह व हिंदी साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष विनोद हर्ष, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सदस्य राजेश तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य तथा समिति के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश प्रसाद जायसवाल की सरगुजिहा कृति तईहा कर मईनसे काव्य संग्रह को विमोचित किया गया।

मुख्य अतिथि विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि सरगुजा साहित्य में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अनिरुद्ध नीरव, जेएन मिश्र, रामप्यारे रसिक, श्याम कश्यप बेचैन जैसे साहित्यकारों ने प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव प्रदान किया है। जिले के साहित्यकारों के लिए प्रयास करूंगा की छत्तीसगढ़ शासन से आप सबको उचित सम्मान मिल सके। साहित्यकार ब्रह्मा शंकर सिंह ने सभी रचनाकारों से स्वरचित रचनाओं का काव्य संग्रह प्रकाशन करने का आह्वान किया। हिंदी साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद हर्ष ने कहा कि सरगुजा भाषा में सृजन के लिए और भी अधिक साधना करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के सदस्य राजेश तिवारी ने कहा कि नए रचनाकारों के प्रोत्साहन के लिए आयोग सदैव तत्पर है। समय पड़ने पर उन्हें मंच भी प्रदान किया जाता है। विमोचन के दौरान सीमा तिवारी, पूनम दुबे, आशा पांडेय, विनोद तिवारी, राजेंद्र राज, जयप्रकाश चौबे, प्रकाश कश्यप, द्वारिका यादव, एसपी जायसवाल, अजय सागर, देवेंद्र दुबे, जय गुप्ता, डॉ. सपध सिन्हा, मन्नवर अशरफी, रामलाल विश्वकर्मा, कृष्णकांत पाठक, चंद्रभूषण मिश्र, उमेश पांडे ने अपनी अपनी रचनाओं का पाठ किया। वरिष्ठ साहित्यकार बीडी लाल एवं डीपी तिवारी ने सभी रचनाकारों की रचना समीक्षा करते हुए उनके गुण दोष को बताया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र दुबे तथा संयोजन अनिल कुमार त्रिपाठी ने किया।

- तईहा कर मईनसे सरगुजिहा काव्य संग्रह का अतिथियों ने किया विमोचन



### शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक

**लखनपुर/रजपुरीकला।** लखनपुर विकासखंड के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक का छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। विधायक ने भी नव प्रवेशी छात्राओं को मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। छात्राओं को गणवेश और पुस्तक वितरण किया जबकि विधायक ने अपनी ओर से छात्राओं को वाटर बोतल और अन्य शैक्षणिक सामग्री भेंट की। इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल के बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बेटियों को आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने माँ सरस्वती के चरणों में वंदन कर छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना भी की।



### हर हर महादेव और बोल बम के नारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

**केदमा।** नागपंचमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केदमा क्षेत्र के लोगों ने मतरिंगा रेंड नदी के उदगम से जल लेकर 25 किमी पैदल चलते हुए केदमा शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस कावड़ यात्रा में केदमा, शायर, जीवलिया, बुले, कुमदेवा, केसमा, सितकालो, सहित 10 गांवों के लगभग 1 हजार श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धांलुओं के लिए शिव भक्तो ने जगह-जगह जलपान का व्यवस्था किया था। सेवको ने कवड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए बोल बम के नारे लगाए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, विनोद हर्ष, अशोक अग्रवाल, दयानन्द अग्रवाल,अरविंद अग्रवाल,राहुल अग्रवाल, मूलचंद अग्रवाल, बृजेश चतुर्वेदी, महेश्वर पैकरा, श्रीनाथ सिंह, संतोष माझवार, संजय नाग, मनीष बंसल, दिल बहल दास, कमलाकांत सिंह, संभु ठाकुर, राम लाल सिंह, दिनेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## घर में अंग्रेजी व महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला गई जेल

**सूरजपुर।** ग्राम मोहली में लंबे समय से घर में अंग्रेजी व महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला को न सिर्फ आबकारी टीम ने पकड़ा बल्कि उसके पास से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी व महुआ शराब जब्त किया है। टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

- आबकारी टीम ने महिला के घर से बड़ी मात्रा में जब्त की शराब

प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी अनिल कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में क्षेत्र में गश्त कर रहे वृत प्रतापपुर प्रभारी प्रदीप वर्मा, आबकारी उप निरीक्षक की टीम को मुखबिर से सूचना मिली की मोहली थाना चांदनी निवासी राजकुमारी अपने घर में भारी मात्रा में अवैध शराब रखा है और बिक्री कर रही है। सूचना पर आबकारी टीम राजकुमारी के घर दबिश दी। महिला ने घर से टीम ने 109 नग पाव अंग्रेजी शराब, 34 नग देशी मदिरा के केवल मध्यप्रदेश राज्य में विक्रय हेतु वैध मदिरा शराब बरामद किया किया। इसके अलावा घर से टीम ने 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया। टीम ने महिला के घर से कुल 35.74 लीटर शराब जब्त किया। आरोपिया के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2), 36, 59(क) के तहत अपराध दर्ज किया। टीम ने महिला को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई एवं विवेचना प्रदीप वर्मा आबकारी उप निरीक्षक द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र रात्रे, पारसनाथ गुप्ता, मेवालाल सोनवानी, आरक्षक कमलेश्वर राजवाडे, महिला नगर सैनिक बिंदु राजवाडे, नगर सैनिक राकेश कुशवाहा, होलसाय एवं प्रमोद साहू सक्रिय रहे।



## रामलला दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ शासन की रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत आज अम्बिकापुर संभाग से 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। इस पावन यात्रा में जिले से 147 हितग्राही एवं 4 अनुरक्षक शामिल हुए हैं। सूरजपुर जिले से श्रद्धालुओं को बस से अंबिकापुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया, जहां से उन्हें विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या रवाना किया गया। इस अवसर पर विधायक राजेश अग्रवाल, नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- 850 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए हुए रवाना




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411